Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:00 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 74 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 5 सितम्बर 2024

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



ओटीटी पर रिलीज हुई राम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

**रुद्रपुर।** पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास में पकड़ा गया आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गया। आरोपी पर बच्ची को बिस्कुट का लालच देकर कमरे में ले गया था। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर वहां के लोग जमा हो गए और आरोपी को पकड़ लिया था और पुलिस को सूचना देकर बुला लिया। एएसपी निहारिका तोमर ने बताया कि पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा था कि उसकी पांच वर्षीय पुत्री कालोनी में अन्य बच्चों के साथ पार्क में खेल रही थी। एएसपी ने बताया कि आरोपी राहुल पुत्र ओमप्रकाश निवासी फ्रैंड्स कालोनी पुत्री को बिस्कुट देकर कमरे में ले गया। बच्ची के रोने पर लोग पहुंचे पुत्री को छुड़ाया। एएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। टीम में कोतवाल एमएस दसौनी,एसएसआई अशोक कुमार,एसएसआई दीपक कौशिक, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी विजय सिंह, महिला दरोगा नेहा राणा, महिला कांस्टेबल अनिशा आदि शामिल थे।

### जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवी पेट वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो व सीसी टीवी कैमरों को भी देखा। डीएम ने निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी को वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखने तथा सीसी टीवी कैमरे के स्टोरेज ब्रेकअप पर भी नजर रखने एवं सफाई कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, तहसीलदार दिनेश कुटोला, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हंसा दत्त पाण्डे, भाजपा के गजेन्द्र प्रजापति, कांग्रेस के मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## अब दिल्ली मार्ग पर 70 सीएनजी बसें चलाएगा परिवहन निगम

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



दिल्ली मार्ग पर परिवहन निगम 70 सीएनजी बसें चलाएगा। अगले महीने से केवल 6 बीएस या सीएनजी की बसें ही दिल्ली जा पाएंगी।

परिवहन निगम राज्य के विभिन्न शहरों से दिल्ली के लिए 70 सीएनजी बसें अनुबंध पर संचालित करेगा। इसके लिए निगम ने निविदा जारी कर दी है। दिल्ली में बीएस-4 वाहनों का प्रवेश अक्तूबर से बंद होने जा रहा है, जिसके उपाय के तौर पर ये निर्णय लिया गया है। परिवहन निगम के पास बड़ी संख्या में बीएस-4 बसें हैं। चूंकि दिल्ली में इनका प्रवेश बंद हो जाएगा, इसलिए दिल्ली की सेवा प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए ही निगम ने 150 बसें खरीदी थीं, जो कि अगले महीने से मिलनी शुरू हो जाएंगी। अब 70 सीएनजी बसें भी चलाने की योजना बनाई गई है, जिसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। 18 सितंबर तक टेंडर डाला जा सकता है।

अनुबंध की अवधि छह वर्ष होगी, जिसे बाद में एक वर्ष बढ़ाया जा सकेगा। निगम 5.20 किलोमीटर प्रति किलोग्राम की दर से सीएनजी उपलब्ध कराएगा। निगम के सभी खर्च निकालने के बाद बस संचालन से हुए लाभ में से बस मालिक को 25 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। अगर सभी खर्च निकालने के बाद हानि होती है तो उसे भी बस मालिक से साझा किया जाएगा। देहरादून-दिल्ली 13, हरिद्वार-दिल्ली 07, ऋषिकेश-दिल्ली 06, कोटद्वार-दिल्ली 01, रुड़की-दिल्ली 10, हल्द्वानी-दिल्ली 12, रामनगर-दिल्ली 05, रुद्रपुर-दिल्ली 07, काशीपुर-दिल्ली 05, टनकपुर-दिल्ली मार्ग पर 04 बसें चलेंगी।

ईडी मामले में जमानत के बाद कोर्ट में दी दलील

## केजरीवाल ने सीबीआई कार्रवाई को इंश्योरेंस की गिरफ्तारी बताया

**नई दिल्ली**
एजेंसी



अरविंद केजरीवाल ने दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं, जिन पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। एक याचिका में केजरीवाल ने सीबीआई द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। वहीं दूसरी याचिका में केजरीवाल ने जमानत देने की अपील की है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में जेल में बंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी, केजरीवाल का पक्ष रख रहे हैं। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि %सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें केजरीवाल का नाम नहीं है। साथ ही केजरीवाल को बीते दिनों अंतरिम जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली सीएम समाज के लिए खतरा नहीं हैं।% सिंघवी ने ये भी कहा कि दो बार सुप्रीम कोर्ट और एक बार ट्रायल कोर्ट केजरीवाल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दे चुका है। सिंघवी के अनुसार, एक बार सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए जमानत पर रिहा किया था और एक बार ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी केजरीवाल को जमानत मिल चुकी है। सिंघवी ने दलील दी कि केजरीवाल एक संवैधानिक पद पर हैं और समाज के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि %सीबीआई ने दो वर्षों में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी, लेकिन फिर बीती 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल की गिरफ्तारी एक तरह से इंश्योरेंस गिरफ्तारी थी।% सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर 23 अगस्त को सीबीआई से हलफनामा देने को कहा था। साथ ही केजरीवाल को दो दिनों के भीतर सीबीआई के हलफनामे पर जवाब देने का निर्देश दिया था।

## शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी नीतिन लोहनी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता के पश्चात वह टीचर ही होते हैं, जो हमारी जिंदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करते हैं। टीचर हमें एजुकेशन तो प्रदान करते ही है, साथ में अपने एक्सपीरियंस और मार्गदर्शन से हमारी जिंदगी को सक्सेसफुल बनाने में भी हमारी सहायता करते हैं। इसलिए टीचर्स डे के खास मौके पर अपने शिक्षकों को स्पेशल फील कराना हमारा भी कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में जानकारी दी। कहा कि इस तरह की घटनाएं होने पर माता-पिता, शिक्षकों या फिर पुलिस को अवश्य सूचित करें। उन्होंने नशा, यातायात नियमों के अनुपालन के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी छात्राओं को दी। इस दौरान पीटीए अध्यक्ष सलीम खान,सचिव अलीम खान, प्रधानाचार्या सविता श्रीवास्तव ने समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया।




## बीएलएम एकेडमी में धूमधाम के साथ मनाया शिक्षक दिवस

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। डा सर्वपल्ली राधा कृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद विद्यालय के बच्चों ने विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चे शिक्षकों के रूप में दिखे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सहभोज आयोजित किया । नृत्य विभाग की ओर से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रबंधक साकेत अग्रवाल,सौम्या अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या डा. गायत्री कँवर, उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।




## शिक्षकों ने काली पट्टी बांध शिक्षक दिवस के कार्यक्रमों का बहिष्कार किया



**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

प्रदेश में प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती परीक्षा को निरस्त करने और प्रधानाचार्य के पद पर शत प्रतिशत पदोन्नति की मांग को लेकर राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के कार्यक्रमों का बहिष्कार किया। प्रदेश भर में इसका खासा असर देखने को मिला।

नैनीताल जिले में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध विरोध-प्रदर्शन किया। इस क्रम में राजकीय इंटर कालेज हैड़ाखान समेत तमाम कालेजों में शिक्षकों ने एकत्र होकर नारेबाजी भी की। इस बीच राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि जिले भर के शिक्षकों ने शिक्षक दिवस नहीं मनाया और तमाम कालेजों में शिक्षण कार्य बाधित रहा।

### मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कल

**रामनगर।** हाईस्कूल व इंटर कॉलेज में कार्यरत शिक्षक व शिक्षिकाओं ने काला रिबन बांध शिक्षण कार्य तो किया लेकिन शिक्षक दिवस के मौके पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से उन्होंने दूरी बनाई। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल के अनुसार सरकार की शिक्षकों की वर्तमान में एकमात्र मांग प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती निरस्त करने के प्रति जो बेरुखी दिख रही है उसके विरोध में शिक्षकों को न चाहते हुए भी आज यह दुर्भाग्यपूर्ण फैसला लेकर शिक्षक दिवस कार्यक्रमों का बहिष्कार करना पड़ रहा है। मठपाल के अनुसार अब शिक्षक कल 6 सितंबर को आकस्मिक अवकाश लेकर पूरे प्रदेश में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। यदि उसके पश्चात भी सरकार ने शिक्षकों की मांग का निस्तारण नहीं किया तो 9 सितंबर को शिक्षा निदेशालय देहरादून में प्रांतीय और मंडलीय कार्यकारिणी के निर्वाचित और मनोनीत पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करेंगे। 10 सितंबर से 13 सितंबर तक शिक्षा निदेशालय देहरादून पर क्रमिक अनुसार किया जाएगा। 14 सितंबर को क्रमिक अनशन आमरण अनशन में तब्दील हो जाएगा। इस बीच रामनगर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार एवं ब्लॉक मंत्री अनिल कड़ाकोटी के अनुसार रामनगर ब्लॉक के सभी हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेज में आज काला रिबन बांध बहिष्कार कार्यक्रम का जबर्दस्त असर देखने को मिला। कल शुक्रवार को रामनगर ब्लॉक से बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं भीमताल मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में होने जा रहे धरना प्रदर्शन में भागीदारी करेंगे।

# कुमाऊं विवि में विशेष दीक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित सर जे सी बोस तकनीकी परिसर में सत्र 2024- 25 में प्रवेश पाने वाले नवीन विद्यार्थियों हेतु बुधवार को विशेष दीक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों के प्रश्नों पर संवाद करते हुए कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने हेतु लगातार किए जा रहे प्रयासों के तहत ऐसे शिक्षक जिनके द्वारा विद्यार्थियों को शामिल करते हुए शोध पत्र प्रकाशित किए जाने पर उन्हें पारितोषिक राशि जारी करने की घोषणा की।

परिसर में संचालित फ र्मेसी, प्रबंध अध्ययन तथा जैव प्रौद्योगिकी तथा कम्युनिटी कॉलेज के वोकेशनल पाठ्यक्रमों के नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु आयोजित दीक्षा संवाद में मुख्य अतिथि प्रो. दीवान सिंह रावत से विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष एवं बेहतरीन संवाद किया गया। संवाद के तहत कुल 14 विद्यार्थियों द्वारा कुलपति प्रो.रावत से प्रश्न किए गए। विद्यार्थियों ने विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से विश्वविद्यालय के अनुबंध व इंटर्नशिप के विकल्प के साथ शोध को बढ़ावा देने हेतु विश्वविद्यालय की विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रश्न किए गएए साथ ही विद्यार्थियों के केंपस प्लेसमेंट तथा शैक्षिक भ्रमण व शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने हेतु विश्वविद्यालय की योजनाओं के साथ- साथ विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु विश्वविद्यालय की योजनाओं के संबंध में अपने प्रश्न किए गए।

विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में नए स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु तथा सामाजिक विकास में विद्यार्थियों के योगदान के संबंध में भी प्रश्न किए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा कुलपति प्रो.रावत से प्रभावित होकर उनके जीवन यात्रा से संबंधित प्रश्न पूछते हुए प्रशासनिक जिम्मेदारियां के मध्य शोध कार्यों पर आधारित प्रश्न करने के साथ ही उनके कैरियर के महत्वपूर्ण फैसलों पर आधारित प्रश्न भी किए गए। विद्यार्थियों की प्रश्नोत्तरी पर कुलपति प्रो. रावत द्वारा विस्तार से चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय में वर्तमान में संचालित विभिन्न नवीन योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई और उनके हितार्थ स्वास्थ्य एवं करियर काउंसलर जल्द नियुक्त किए जाने की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कुलपति ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने अध्ययन में कठिन परिश्रम करते हुए उन्हें नवाचार हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने परिसर में विश्वविद्यालय की टैलेंट हंट योजना के तहत विभिन्न कलाकृति बनाने वाले विद्यार्थियों की भी सराहना की। कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें बी फ र्म प्रथम वर्ष, एम फ र्म प्रथम वर्ष, एमबीए प्रथम वर्ष, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। वहीं कम्युनिटी कॉलेज के विद्यार्थियों ने आतिथ्य विधा के द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. एल के सिंह, तकनीकी संकायाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. कुमुद उपाध्याय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीना पांडे समेत कुलानुशासक डॉ. रिशेंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन विभाग प्रो. अमित जोशी, विभागाध्यक्ष फ र्मेसी प्रो. अनिता सिंह, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रो. तपन नैलवाल, डीन एवं संयोजक एनआईआरएफ प्रो. अर्चना नेगी साह, डॉ तीरथ कुमार, डा राजेश्वर कमल कांत, डा. सुनील अरोरा, डॉ. मयंक पांडे, डॉ. हितेश पंत, डॉ. अनिता जोशी, डा. गगनदीप, डा. नरेंद्र कुमार, डॉ लक्ष्मण सिंह रौतेला, दिग्विजय सिंह बिष्ट, नरेश पंत, मोहम्मद रिजवान, अरविंद जंतवाल, डॉ राकेश तिवारी, चंद्रकांता ,सुष्मिता बाला, उमा रावत, गोकर्ण सिंह रैखोला, मनोज रौतेला, मोहित डालाकोटी, मनोज पलडिया, पूनम आर्या, नरेंद्र नेगी, गगन आर्या, विनोद कुमार, पुष्कर ढैला, अनिल कुमार, मनोज शर्मा सहित परिसर के समस्त शिक्षक कर्मचारी तथा छात्र शामिल हुए। संचालन भेषज विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक कोमल चंद्रा एवं मनीषा पाठक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



# पर्यटन सचिव सचिन के कैंची धाम व घोड़ाखाल आगमन पर स्वागत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के भवाली, कैंची धाम तथा गोलू देवता मंदिर घोड़ाखाल आगमन पर निर्वतमान पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने स्वागत करते हुए बाबा नीम करौली की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर निवर्मान पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे को भवाली नगर का मुख्य चोराहा बाबा नीम करौली चोक, घोड़ाखाल रोड तिराहा गोलू देवाता मंदिर तिराहा व रामगढ़ रोड तिराहा नान्तिन महाराज तिराहे का सौंदर्यीकरण पर्यटन विभाग के माध्यम से करते हुए कुमाऊं गढ़वाल को जोडने वाले भवाली नगर के चौराहे व तिराहों पर क्षेत्र के पर्यटक स्थलों की दूरी सूचक चिन्ह और उक्त स्थलों की जानकारी के साथ वहां पर पर्यटक आवास गृहों की सुविधा की जानकारी भी सौन्दर्यकरण के कार्यों में शामिल करने की मांग की। उन्होंने इन कार्यों के लिए पर्यटन विभाग से धनराशि स्वीकृत करने की मांग की । इस अवसर पर सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने लोनिवि विभाग व जिला पर्यटन अधिकारी से कैची धाम में शीघ्र विकास कार्यो को धरातल पर शुरू करने के निर्देश दिये वहीं गोलू देवता मंदिर पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने कई अन्य समस्याएं भी रखी।

# एनआरएलएम ऋण व वित्तीय जागरूकता व को लेकर कार्यक्रम

**ज्योलिकोट/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आज बुधवार को को उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा खुर्पाताल द्वारा ग्राम सभा बेलूवाखान के स्वयं सहायता समूहों के लिए वित्तीय जागरूकता एवं एनआरएलएम ऋण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में चार समूह को कुल 10.50लाख ऋण का ऋण स्वीकृत कर वितरित भी किया गया।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को बैंक की विभिन्न ऋण,जमा,बीमा योजनाओं एवं साइबर सिक्योरिटी से संबंधित जानकारी से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के आयोजन में, शाखा प्रबंधक आगंतुक कुमार कैशियर नीरज तिवारी, बैंक मित्र श्रीमती मंजू द्वारा अहम भूमिका निभाई गयी, कार्यक्रम में भीमताल ब्लॉक की शकुंतला नेगी एवम क्रिसिल फाउंडेशन से कुमारी प्रेमा आर्य द्वारा प्रतिभाग किया गया। स्वीकृत ऋण से व्यवसाय से शुरू करने वाली श्रीमती पुष्पा कनवाल को सम्मानित किया गया। जबकि प्रगति समूह, लक्ष्य समूह, जागृति समूह, एकता समूह की ऋण सुविधा स्वीकृत की गई ।



## NEWS / फटाफट

### सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**नैनीताल** । भाजपा की ओर से बुधवार को नगर के कृष्णापुर वार्ड के बूथ संख्या 116 में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक दया किशन पोखरिया तथा शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष कुमार ने सदस्यता अभियान के बारे में नए सदस्य बनाएं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, महामंत्री मोहन सिंह नेगी, वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह पडियार, बूथ अध्यक्ष रेखा जोशी, रितुल कुमार,संतोष कुमार, कैलाश रौतेला, ज्योति गोस्वामी,सलमान जाफ री, लीला बोरा, आशा जोशी,कमला बिष्ट,दीपा नेनवाल, प्रेमा, अंबा दत्त,तारा दत्त तथा मोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास विहारी दो दिवसीय नैनीताल दौरे पर



**नैनीताल**। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास विहारी दो दिवसीय दौरे पर प्रसिद्ध पर्यटक शहर नैनीताल पहुंच चुके हैं। रास विहारी गुरुवार यानी 5 सितंबर को नैनीताल में पत्रकारों संग बैठक कर नगर,जिला व प्रान्त इकाईयों को लेकर विस्तृत रूपरेखा तय करेंगे। बैठक में मुख्य रुप से पत्रकारों पर हो रहे हमलों को लेकर भी गंभीरता पूर्वक मंथन किया जायेगा साँथ ही राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून बने इस पर भी जोर दिया जायेगा। बीते रोज नैनीताल पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष रास विहारी का राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी,राज्य इकाई के मुख्य संरक्षक संजय तलवार,नव नियुक्त प्रदेश महासचिव नवीन जोशी,प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ गिरीश रंजन तिवारी,कुमाऊं मंडल अध्यक्ष दिनेश जोशी,कुमाऊं मंडल संगठन मंत्री राजू पाण्डे,नगर अध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी,जिला उपाध्यक्ष गौरव जोशी व तेज सिंह सहित तमाम पत्रकारों ने नैनीताल आगमन पर स्वागत किया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर कार्यशाला

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सेंट लॉरेंस स्कूल, डहरिया, में महिला एवं बाल विकास विभाग नैनीताल द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवम जानकारी दी गई जैसे पुलिस विभाग, स्वास्थ, शिक्षा एवम परिवीक्षा विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से जुड़ी योजनाएं एवम समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। अपर निदेशक, प्रशिक्षण श्रीमती ऋचा सिंह एवम बाल विकास अधिकारी, हल्द्वानी शिल्पा जोशी द्वारा बालिकाओं से ऐसे स्थानों के बारे में पूछा गया जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं। बालिकाओं द्वारा हल्द्वानी में विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया गया जैसे बिड़ला स्कूल के पास, सिंधी चौराहा, हरिपुर जमन सिंह रोड,



क्रियाशाला, मुखानी के पास, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पीछे गली, श्यामा गार्डन रोड, देवलचौड, गन्ना सेंटर, ऋझह रोड के पास आदि। कार्यशाला में चिन्हित स्थानों एवम कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदया को प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। कार्यक्रम में डा. श्वेता, एसीएमओ ने महिला स्वास्थ संबंधी एवम पुलिस विभाग से ऐस. आई. ज्योति कोरंगा ने महिला हेल्पलाइन ऐप और हेल्पलाइन नम्बर्स की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भय मुक्त वातावरण को बनाना है जहां बालिकाएं स्वयं को असुरक्षित ना महसूस करें और विश्वास के साथ कहीं भी आ जा सके, उन्हें आने-जाने में भय ना लगे और जिस भी क्षेत्र में छेड़छाड़ या बच्चियों को असुरक्षा महसूस हुई है उनमें जिलाधिकारी महोदया के निरेशानुसार कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता जोशी,सुपरवाईजर सुशीला ग्वाल, जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम, शिक्षा विभाग से यशोदा शाह उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर विधायक ने विधायक मुन्ना चौहान के बयान पर जताया खेद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

विधायक शिव अरोरा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान विधानसभा सत्र के दौरान विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा दिए गए बयान के लिए खेद जताया। उन्होंने कहा कि ऊधम सिंह नगर क्षेत्र मे 1952 से रह रहे हमारे बंगाली समाज के लोगों ने तराई क्षेत्र को अपने खून पसीने में मेहनत से सींचा है। वह बंगाली समाज है जो पूर्वी पाकिस्तान जहाँ हिन्दुओ के कत्लेआम हो रहे थे अपनी संपत्ति, खेत, खलयान छोड़ और अपने धर्म से समझौता न करते हुए यहाँ उत्तराखंड आकर बस गये जो उस समय का उत्तर् प्रदेश होता था और आज बंगाली समाज यहाँ का मूल निवासी है।हिन्दु धर्म के लिये सदैव समर्पित भाव से कार्य करता है। विधायक ने मुन्ना सिंह चौहान का बयान से बंगाली समाज आहत हुआ है और में स्वयं इस क्षेत्र से आता हूँ ओर बंगाली समाज की भावनाओं के साथ स्वयं को जोड़कर देखता हूँ। विधायक चौहान का बयान उनकी निजी मत होगा इसका भाजपा से कोई लेना देना नहीं है भाजपा सदैव से बंगाली समाज की हितेषी रही हैं। 14अगस्त 2023 को विभाजन की विभीषिका झेलने वाले बंगाली समाज के बुजर्गो का विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित करने का कार्य किया गया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं मौजूद थे।भाजपा सरकार बंगाली समाज के साथ खड़ी है। रुद्रपुर क्षेत्र में सभी मिलकर प्रेम प्यार से एक दूसरे के साथ खडे रहते है। भाजपा सरकार ने विजय मंडल जो पूर्व दर्जामंत्री थे और वर्तमान में उत्तम दत्ता को राज्यमंत्री बनाकर बंगाली समाज का सम्मान किया। उनकी भावनाओं के साथ विधायक शिव अरोरा स्वयं को जोड़ते है और उनके साथ खडे है। ऐसे बयान से किसी भी जनप्रतिनिधि को बचना चाहिए। इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, विजय मंडल, राजकुमार साह, तरुण दत्ता, दिलीप अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# अभिमत



## एक मामला नहीं

*ओखलढूंगा के अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तो पता चला कि माह में दो दिन डाक्टर ड्यूटी पर आते हैं और उपस्थिति पंजिका में पूरे महीने की हाजिरी वार्ड ब्वॉय लगा देता है। यह एक मामला नहीं है। पर्वतीय क्षेत्र में शिक्षक और डाक्टर काम करना नहीं चाहते हैं। तराई और भाबर से तबादला होने पर महीने में एक-दो दिन ही जाते हैं। अस्पताल फार्मासिस्ट संचालित करते हैं। कमिश्नर, जिलाधिकारी अथवा एसडीएम एक-एक अस्पताल का प्रतिदिन निरीक्षण नहीं कर सकते हैं। सीएमओ और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी सिर्फ और सिर्फ मेज पर बैठकर कागजी खानापूर्ति करते हैं, इसीलिए डाक्टर घर बैठकर लाखों रुपये वेतन ले रहे हैं।*

उत्तराखंड में सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की दुर्दशा के मामले आये दिन मीडिया में सुर्खियां बनते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा नहीं मिलने से मरीजों की मौत आम बात हो गई है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने ओखलढूंगा के अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तो पता चला कि माह में दो दिन डाक्टर ड्यूटी पर आते हैं और उपस्थिति पंजिका में पूरे महीने की हाजिरी वार्ड ब्वॉय लगा देता है। यह एक मामला नहीं है। पर्वतीय क्षेत्र में शिक्षक और डाक्टर काम करना नहीं चाहते हैं। तराई और भाबर से तबादला होने पर महीने में एक-दो दिन ही जाते हैं। अस्पताल फार्मासिस्ट संचालित करते हैं। कमिश्नर, जिलाधिकारी अथवा एसडीएम एक-एक अस्पताल का प्रतिदिन निरीक्षण नहीं कर सकते हैं। सीएमओ और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी सिर्फ और सिर्फ मेज पर बैठकर कागजी खानापूर्ति करते हैं, इसीलिए डाक्टर घर बैठकर लाखों रुपये वेतन ले रहे हैं। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्साधिकारी और अन्य अधिकारियों को तलब करके पूछताछ की तो संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लगातार अस्पतालों का निरीक्षण करना चाहिए। जिस डाक्टर को गैरहाजिर पाया गया है, उसे चेतावनी देकर मामला रफादफा नहीं किया जाना चाहिए। ओखलढूंगा के अस्पताल में तैनाती के बाद दिया गया वेतन वसूल किया जाना चाहिए, जिससे अन्य डाक्टर ऐसी लापरवाही करने का साहस नहीं कर सकें। पर्वतीय क्षेत्र में स्थानांतरण होने पर डाक्टर इस्तीफा देकर देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी आदि बड़े शहरों में निजी चिकित्सालय में काम करना शुरू कर देते हैं। कुछ वर्षों के लिए प्रेक्टिस पर रोक लगाने से डाक्टर को सबक मिलेगा। सच यह है कि बिना काम के वेतन लेने वाला डाक्टर अकेला दोषी नहीं है। कुमाऊं कमिश्नर ने मुख्य विकास अधिकारी को जांच सौंपी है। डाक्टर के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुमाऊं के चिकित्सा निदेशक की भी जांच की जानी चाहिए। किसी विभाग में उच्च पद पर आसीन अधिकारी अपने कर्तव्य का पालन नियमानुसार करते हैं तो अधीनस्थ कोताही करने का दुस्साहस नहीं करते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में बड़े निजी अस्पताल नहीं हैं। झोलाछाप डाक्टर क्लीनिक खोलकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करते हैं। सरकारी अस्पतालों के साथ ही मेडिकल स्टोरों में अनियमितता है। मेडिकल स्टोरों पर नशे के इंजेक्शन और गोलियां बिकती हैं। शिकायत होने पर दर्जनभर झोलाछाप डाक्टरों तथा दवा की दुकानों पर साल में एक बार छापा मारा जाता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि पूरा स्वास्थ्य महकमा जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है।

# महिलाओं से अपराधों के विरोध में भीम आर्मी का प्रदर्शन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता




भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखण्ड तथा भारत के अधिकांश राज्यों में महिलाओं से हो रहे अपराधों के विरोध में भीम आर्मी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया धरने को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में जिस तरह से भारत के कोने कोने में सत्ता पक्ष के कार्यकर्ताओं द्वारा बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही हैं वो चिंता का विषय है, क्या वाकई में हम अमृतकाल में जी रहे हैं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सुन कर डर लगने लगा है कि बेटी किससे बचाएं, स्कूल कॉलेज तक में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, भाजपा द्वारा जिस तरह से कुलदीप सेंगर, बृजभूषण को बचाने के लिए सर से चोटी तक का ज़ोर लगा दिया था बिलकीस बानो के बलात्कारियों को जेल से बाहर कर सजा माफ की जा रही थी, बलात्कारियों का फूल मलाओं से स्वागत किया जा रहा था अंकिता हत्या कांड के दोषी को बचाने के लिए सारी हदें पार कर दी थीं, उस सब से ही प्रेरणा लेकर भाजपा के कार्यकर्ता निडर होकर खुलेआम बलात्कार कर रहे हैं, भाजपाइयों को पता है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं तो हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा हमारी पार्टी हमको बचा लेगी जैसे कि राम रहीम, नारायण साईं, निर्मल बाबा आशाराम को आये दिन पेरोल दे दी जाती है, फ़ास्ट ट्रेक कोर्ट बनाने के बाद भी बलात्कारी निडर हैं, हमारा समाज भी जाति धर्म देखकर सजा की मांग करता है, कहीं पर छोटी सी छेड़छाड़ करने पर ही बाजार बंद और तोड़फोड़ कर दी जाती है और कहीं पर दुष्कर्म के अपराधी के समर्थन में रैलियां निकाली जाती हैं, अभी एक मामला उत्तरप्रदेश का आया है जहां पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करने के बजाय पीड़िता को 8 घंटे थाने में बैठाए रखा और एक लाख में मामला निपटा दिया गया, बेशर्म सरकार से इस्तीफा मांगना भी बेकार है, सरकार कुछ करने वाली नहीं है अब तो जागरूक समाज को ही बेटियों की सुरक्षा के लिए स्वम् आगे आना पड़ेगा। जागरूक समाज से एक विनम्र अनुरोध है किसी भी बच्ची का पिता हर जगह मोजूद नहीं रह सकता ना ही कोई बच्ची हर वक्त पिता के साथ रह सकती है लेकिन जहां एक बेटी होती है वहां पर कोई न कोई मर्द के रूप में पिता या भाई जरुर होता है। आप किसी और की बच्ची को सुरक्षा प्रदान करें कहीं और कोई आपकी बच्ची की सुरक्षा करेगा आओ हम सब मिलजुल कर खुद ही बनाएं बेटियों के लिए एक सुरक्षा चक्र बानाएं। धरने पर जीआर टम्टा, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, विकास कुमार, सुंदर लाल बौद्ध, हरीश लोधी, इशरतुल्लाह सैफी, जीतराम आर्य, मोहन लाल आर्य, तस्लीम खान, रितिक कांत सुलेमान मलिक, अनित कुमार उपस्थिति थे।

## फोल्डिंग नंबर प्लेट लगाने वालों पर पुलिस सख्त

**नैनीताल।** नैनीताल में बाइकों में फोल्डिंग नंबर प्लेट लगाकर चलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है। कोतवाली पुलिस ने फोल्डिंग नंबर प्लेट लगी 12 बाइकें सीज की हैं। बता दें कि इन दिनों बाइकों में फोल्डिंग प्लेट लगाने का फैशन जोर शोर से चल रहा है। देखने में आ रहा है कि अधिकतर युवा वर्ग अपनी बाइकों में फोल्डिंग प्लेट लगा रहे हैं। ज्यादातर युवा बाइक को तेज दौड़ाने के दौरान नंबर प्लेट ऊपर की ओर फोल्ड कर देते हैं ताकि उनकी बाइक का नंबर पुलिस या कोई अन्य न देख सकें। ऐसी नंबर प्लेट लगाकर कई बार अपराधी अपराध कर भाग सकते हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। यदि कोई इसका उपयोग करता है तो अवैध माना जाएगा। - **मोनिका तिवारी पत्नी श्री पूरन चंद्र तिवारी, शक्ति विहार बरेली रोड हल्द्वानी, जिला नैनीताल**

# ऑल सैंट्स कॉलेज टीम के नाम रहा फाइनल मुकाबला

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिला क्रीड़ा संघ द्वारा आयोजित एवं भारतीय सैनिक विद्यालय और कुमाऊं मंडल विकास निगम के द्वारा प्रायोजित प्रथम अंतर विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट के बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में ऑल सैंट्स कॉलेज की ब्लू की टीम ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की रेड टीम को एक गोल के मुकाबले पांच गोल से पराजित किया और ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए मैच हुआ उसमें भी आल सैंटस कॉलेज ने मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर की टीम को पराजित करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य रही एकता बिष्ट तथा विशिष्ट अतिथि आल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या किरन जरमाया और उत्तराखंड/ उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला ब्लॉक प्रमुख धारी की शांति बिष्ट ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब ऑल सैंटस कॉलेज ब्लू की नंदिनी बिष्ट, बेस्ट फ रॉरवर्ड भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की बबली, बेस्ट डिफेंडर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की नीलम और बेस्ट गोलकीपर ऑल सेंट्स कॉलेज की खिलाड़ी को दिया गया जबकि बेस्ट प्रोमिसिंग टीम सेंट जॉन्स स्कूल नैनीताल को दिया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल तथा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत, डीएसए के महासचिव अनिल गढ़िया, फुटबॉल सचिव पवन खड़ायत, वॉलीबॉल सचिव पंकज बरगली संयुक्त सचिव भुवन बिष्ट समेत वीरेंद्र साह,प्रोफेसर देवेंद्र सिंह बिष्ट,डॉक्टर संतोष कुमार,समाजसेवी कविता गंगोला, मंजू बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट,दुर्गा सिंह मेहता, हेमा भट्ट समेत खेल प्रेमी मौजूद थे। अंत में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने सभी का आभार जताया। संचालन नवीन पांडे ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## ओटीटी पर रिलीज हुई राम पोथिनेनी-संजय दत्त की फिल्म डबल इस्मार्ट



*राम पोथिनेनी और काव्या थापर अभिनीत डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, अभीतक फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है, तभी शायद फिल्ममेकर्स ने डबल इस्मार्ट को अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जारी कर दिया है। 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन कई भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई डबल इस्मार्ट में राम पोथिनेनी, काव्या थापर और संजय दत्त ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में धमाकेदार एक्शन और जबर्दस्त वीएफएक्स होने पर भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है। पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म डबल इस्मार्ट अब तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। हालांकि, यह फिल्म सिनेमाघरों में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन यह देखना बाकी है कि ओटीटी दर्शक इसे कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। डबल इस्मार्ट 2024 की भारतीय तेलुगु भाषा की साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया है, जिन्होंने पुरी कनेक्ट्स के तहत चार्मी कौर के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म की कहानी में दर्शकों को कुछ खास दम नजर नहीं आया। इसलिए यह फिल्म सिनेमाघरों में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। अब इसे ओटीटी पर रिलीज किया जा चुका है। फिल्म में संजय दत्त ने बिग बुल की भूमिका नाभाई है, जबकि राम पोथिनेनी ईस्मार्ट शंकर उर्फ डबल ईस्मार्ट के रूप में नजर आए।*

### प्री-रिलीज व्यवसाय बहुत बड़े पैमाने पर

*रिपोर्ट्स के अनुसार, डबल इस्मार्ट का प्री-रिलीज व्यवसाय बहुत बड़े पैमाने पर किया गया था, लेकिन दुख की बात है कि फिल्म की ऑक्यूपेंसी गिर गई है और डबल इस्मार्ट बॉक्स ऑफिस पर 25 करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाई है। एक बार फिर, लाइगर के फ्लॉप होने के बाद पुरी जगन्नाथ को एक और बड़ा नुक्सान हुआ है और चूंकि वह फिल्म के निर्माता भी हैं, इसलिए उन्हें भारी नुकसान हुआ है।*

# पूर्व विधायक ठुकराल ने भाजपा पर साधा निशाना, बंगाली समाज को वोट बैंक के रूप में कर रही इस्तेमाल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा के गैरसैंण में आयोजित मॉनसून सत्र में तराई में बसे बंगालियों के आरक्षण के संदर्भ में भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान का बयान अवांछित,अनावश्यक और तथ्यों से परे था। इस बयान से साफ हो गया कि तराई में बसे बंगालियों के बारे में भाजपा किस तरह दोहरी जुबान बोल रही है। मुन्ना सिंह चौहान ने ऊधमसिंह नगर जिले में बसे बंगाली समाज के लोगों के बारे में अपने वक्तव्य में कहा कि वे पश्चिम बंगाल से आकर यहां बसे हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने मुन्ना सिंह चौहान के बयान को गलत बताया। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज के लोग 1947 और 1971 में वर्तमान बांग्लादेश से विस्थापित हो कर आए और भारत सरकार ने उनको तराई में बसाया. वर्तमान ऊधमसिंह नगर जिले के तराई के इलाके को आबाद करने में सिखों के साथ ही बंगाली समाज का भी अहम योगदान है। ठुकराल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाली समाज का वोट बैंक के रूप में तो भाजपा इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उनकी आरक्षण की वाजिब मांग के रास्ते में रोड़े अटकाने के लिए मुन्ना सिंह जैसे विधायक, विधानसभा के पटल पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व सभासद गोविंद राय, रविंद्रधर,जुरन मंडल, संजय ठुकराल,बंटी कोली आदि मौजूद थे।

News कॉर्नर

## एक सप्ताह में चार लोगों को सांपों के काटा

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों सांपों के काटने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। बीते एक सप्ताह में ही क्षेत्र के चार लोगों का सांपों ने काटा, जिनका उपचार राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में किया जा रहा है। बता दें कि बरसात के दिनों में नैनीताल के आसपास क्षेत्रों में कई सांप निकलते हैं। जिसमें कई लोग झाड़ फूंक के बाद उपचार कराते हैं। इन दिनों नैनीताल के आसपास के क्षेत्र सांपों की ओर से कई लोगों को काटने की घटनाएं तेजी से सामने आई हैं। बीते एक सप्ताह में सांपों के काटने के बाद चार लोगों को बीडी पांडे जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचे हैं। जिनमें हेमा देवी(54), उमा (58), हेमंत मेहरा (42) व अनिल (14) शामिल हैं। अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि सभी सर्प दंश के मरीजों को एंटीवेनम देकर प्राथमिकता से जिला अस्पताल में उपचार दिया गया है।

## देहरादून समेत चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**देहरादून।** पर्वतीय जिलों में लगातार बारिश का असर तापमान में भी देखने को मिलेगा। टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कई दौर की तेज बारिश होने की आशंका है। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज (बृहस्पतिवार) भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत बागेश्वर, नैनीताल और चंपावत जिले के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कई दौर की तेज बारिश होने की आशंका है। आने वाले दिनों की बात करें तो अगले दो दिन प्रदेश के पर्वतीय जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं।

# सारथी फाउंडेशन समिति ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सारथी फाउंडेशन समिति के स्थापना दिवस का तृतीय वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूम धाम से रंगारंग, सांस्कृतिक, संदेशात्मक कार्यक्रम एवं कई विशिष्ट लोगों को समाज हित में सामाजिक क्षेत्रों के लिए कार्य करने वाले लोगो को संस्था द्वारा सम्मान देकर पुरस्कृत कर पुरूस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। तृतीय वार्षिकोत्सव का संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत,सचिव ज्ञानेंद्र जोशी, समाजसेवी योगेश जोशी, निर्वतमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर पन्त, देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने संयुक्त



रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था के अध्यक्ष नवीन् पन्त* द्वारा उपस्थित सभी आये हुए सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था को दिये गये तीन वर्षों के सहयोग साथ के लिए आभार प्रकट किया गया और साथ ही साथ संस्था के तीन वर्ष पूर्ण होने एवं संस्था के चौथे वर्ष में प्रवेश करने के लिए सभी का अभिनंदन धन्यवाद दिया ,और सभी अतिथियों से पुन: सारथी के लिए आशिर्वाद मांगा, और कहा कि संस्था को आप सभी के सहयोग से इन तीन वर्षों मै इतना कार्य करने का मौका मिला है कि संस्था ने शहर मै ईमानदारी मेहनत से एक सफल प्रयास कर अपना मुकाम हाशिल किया है इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है,और आशा करता हूँ कि आप सब लोगों का स्नेह प्रेम लगातार इसी तरह से संस्था को मिलता रहेगा जिससे संस्था बड़े से बड़ा काम कर समाज हित जनहित में सारथी की भूमिका अदा कर सकती है वहीं सारथी की सफलता होगी। नवीन पन्त द्वारा श्री सीताराम गोपाल गौधाम समिति हल्दीखाल दमुआदूंगा को गौचारे हेतु भुवन भगत जी को संस्था का चेक भैंट किया गया। भवाली के डॉक्टर गणेश पंत जी जिन्होंने अपने जीवन मै 18000 गरीब लोगों का निशुल्क नेत्र आपरेशन कर इलाज किया है उन्हें भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया, पर्यावरण क्षेत्र से जय जननी जय भारत के नैनीताल निवासी मनोज शाह जगाती को भी सम्मानित किया गया ।

# युवती ने मुंह बोले ताऊ पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बढ़ते अपराधों की ताजा घटनाओं में एक नया मामला सामने आया है। जिसमें एक युवती ने बनभूलपुरा निवासी मुंह बोले ताऊ पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

यह मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़िता ने आरोपी की गलत हरकतों की लाइव वीडियो अपने परिवार को भेजी। पढ़ाई के दौरान मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता मुजफ्फरनगर के ग्राम छप्पार की निवासी है और उसके पिता रोडवेज में संविदा ड्राइवर हैं। पीड़िता की परिवारिक स्थिति में पांच भाई-बहन शामिल हैं। जुबैर आलम, जो हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रहता है, पीड़िता के पिता का दोस्त था और रोडवेज से रिटायर्ड हो चुका है। जुलाई 2024 में जुबैर ने पीड़िता के पिता से कहा कि उनकी पत्नी बीमार रहती हैं, इसलिए उन्हें उनकी बेटी को काम पर भेजना चाहिए।

पीड़िता के पिता ने जुबैर पर भरोसा किया और अपनी बेटी को काम पर भेज दिया, जबकि पीड़िता जुबैर को ताऊजी कहकर बुलाती थी। जैसे ही पीड़िता हल्द्वानी पहुंची, जुबैर ने बस में उसकी अश्लील हरकत की। इसके बाद घर पर जुबैर ने लगातार गलत हरकतें कीं। 19 जुलाई को उसकी तबीयत खराब हो गई और जब वह घर पहुंची तो उसने अपने परिवार को जुबैर के बारे में बताया, लेकिन परिवार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। 13 अगस्त को जुबैर ने फिर उसे लेने के लिए बुलाया। पीड़िता डर के कारण हल्द्वानी गई, लेकिन जुबैर ने फिर से अपनी हरकतें शुरू कीं और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पास मोबाइल नहीं था, इसलिए वह जुबैर की शिकायत अपने परिवार को नहीं कर पाई।

हालांकि, एक दिन उसने जुबैर का मोबाइल लिया और उसकी गलत हरकतों की वीडियो बनाई। यह वीडियो उसने पहले जुबैर की पत्नी को भेजी और बाद में अपनी बहन को दिखाकर सच्चाई बताई। वीडियो के आधार पर पीड़िता के आरोपों की पुष्टि हुई और बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हाथ में तिरंगा लिए सैनिकों का म्यूरल स्थापित किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड नैनीताल द्वारा कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के मुख्य द्वार के पास हाथ में तिरंगा लिए सैनिकों का म्यूरल स्थापित किया गया है।

परिसर की हिमालय संग्रहालय की प्रभारी प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल ने बताया कि उनके एक आग्रह पर ही लोनिवि विशेषकर सहायक अभियंता गोविन्द सिंह जनौटी की ओर से द्वारा यह म्यूरल का त्वरित निर्माण किया गया है। प्रो.जंतवाल के मुताबिक देश की आन-बान-शान तिरंगा हाथ में लिए यह म्यूरल देखते ही बनता है। यह भव्य है और खूबसूरत भी। इतना ही नहीं यह हमारे वीर सैनिकों की देश प्रेम के लिए न्यौछावर होने वाली भावना व गौरवगाथा की बयां को भी दर्ज करता है। इस म्यूरल के माध्यम से परिसर में पढने वाले विद्यार्थी तथा शोधार्थी भी अपनी गौरवशाली वीर परंपरा तथा देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो सकेंगे तो वहीं इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी नतमस्तक होकर आप उस म्यूरल के प्रति अपना समर्पण भाव व सलाम पेश किये बिना न रह सकेंगे।

सैनिकों के इस प्रेरणाप्रद म्यूरल को बनाने हेतु प्रो.जंतवाल ने लोक निर्माण का हृदय से आभार व्यक्त किया है और आशा वक्त की है कि ऐसे समाजोपयोगी कार्यो हेतु विभाग का सहयोग आगे भी मिलता रहेगा। प्रो.जंतवाल ने कहा कि इस कार्य के पीछे कुविवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत का प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने आयुक्त कुमाऊं दीवक रावत व जिलाधिकारी वंदना सिंह का भी आभार व्यक्त करती हैं कि उनके नेतृत्व में नैनीताल नगर का बेहतर सौंदर्यीकरण हो रहा है। इस बीच परिसर के मुख्य गेट पर म्यूरल की स्थापना पर डीएसबी परिसर परिवार की ओर से भी खुशी जताई है।

# व्याप्त अंधियारे व बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं शिक्षक



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों में दर्जन भर शिक्षकों को सम्मानित किया द्य इससे पूर्व वह रविंद्र नगर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची।

यहां पर उन्होंने शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस मौके पर शर्मा ने पांच शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, इस दौरान शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं, वह समाज में व्याप्त अंधियारे और बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है, और शिक्षक हमें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। कांग्रेस नेत्री शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर माना गया है,उन्होंने कहा गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पांव,बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद दियो बताए। बाद में पूर्व पालिकाध्यक्ष खेड़ा,आदर्श कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप आदि क्षेत्रों में भी गई, जहां उन्होंने विभिन्न स्कूलों में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई,और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कीर्ति निधि शर्मा, अन्नू सिंघल,मुन्नी आगरी, राजकुमारी कनौजिया, सहित महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली, पूर्व सभासद रामकृष्ण कनौजिया, शिवपद सरकार,बाबू विश्वकर्मा, पूर्व सभासद पुदेना सैनी, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव 30 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव हेतु नामांकन पत्रों की बिक्री के पहले दिन यानी बुधवार को विभिन्न पदों के लिए 30 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे।

नामांकन पत्रों का वितरण 5 सितम्बर (आज) को भी पूर्वान्ह 11 बजे बजे से सांय 4 बजे तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी चुनाव कार्यालय हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल में किया जायेगा।

# पुलिस की नाक के नीचे नो पार्किंग पर पार्किंग, जिम्मेदारों की आंखें बंद

उत्तरांचल दीप

मुकेश गुप्ता, रुद्रपुर

यहां पर पुलिस बूथ है। वहां यातायात पुलिस के साथ ही सीपीयू दिन भर मुस्तैद रहती है। एसएसपी समेत तमाम अधिकारी गुजरते हैं। मगर किसी को नो पार्किंग जोन में हो रही पार्किंग नजर नहीं आती। जिस जगह पार्किंग हो रही है, वहां पर नो पार्किंग का बोर्ड भी लगा है। बता दें कि डीडी चौक पर दिनभर नियम टूटते हैं। करवाई करने वाला कोई नहीं है। रुद्रपुर का डीडी चौक अतिव्यस्त है। दिनभर इस चौराहे पर वाहनों का जमावड़ा रहता है। सड़क के किनारे अवैध रूप से हो रही पार्किंग हो बंद कर दिया गया था।

इतना ही नहीं पुलिस की ओर से एक नोटिस बोर्ड भी लगा दिया गया। जिसमें लिखा है 100 मीटर तक पार्किंग यानी कोई भी वाहन खड़ा नहीं होगा,मगर पुलिस के इस नियम को टैक्सी चालक ठेंगा दिखा रहे हैं। जहां नो पार्किंग का नोटिस बोर्ड लगा है,उसी जगह पर वाहन पार्क हो रहे हैं। पुलिस बूथ, ट्रेफिक पुलिस, सीटीयू की इन पर नजर नहीं जाती। इधर, रामपुर हाइवे स्थित अपने आवास से होकर पुलिस कार्यालय एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी समेत कई पुलिस के अधिकारी अपने आफिस पहुंचते हैं। उनकी भी निगाहें इस पर नहीं पड़ रही। डीडी चौक पर तो कभी कभी वाहनों की ऐसी लाइनें लग जाती है,ट्रेफिक पुलिस कर्मी भी परेशान हो जाते हैं जाम खुलवाते खुलवाते।

# सदस्यता अभियान: जन जन को भाजपा से जोड़ेंगे: अजय भट्ट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी सम्भाग कार्यालय हल्द्वानी में बुधवार को माननीय नैनीताल व ऊधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट द्वारा सदस्यता अभियान की शुरुआत की। सदस्यता अभियान में हर वर्ग को भाजपा से जोड़ा जाएगा। अजय भट्ट नेकहा सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का सदस्य होना सौभाग्य की बात,है।

नैनीताल ऊधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान के तहत राज्य के हर वर्ग और व्यक्ति से जुड़ने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी का संगठन पर्व है। बुधवार को हल्द्वानी सम्भाग कार्यालय



में पार्टी के संगठन पर्व के अवसर पर बोलते हुए अजय भट्ट जी ने कहा कि अभियान के तहत घर - घर जाकर लोगों को पार्टी के सिद्धांतों के बारे में बताया जाएगा। कहा 18 करोड़ सदस्य हैं जो संविधान के अनुरूप फिर से सदस्यता लेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि सदस्यता अभियान में राज्य नए कीर्तिमान स्थापित करे।

अजय भट्ट ने आज नैनीताल विधायक कालाढूंगी रामनगर हल्द्वानी निवर्तमान मेयर जिला पंचायत सदस्य व सभी पदाधिकारी को मिस्ड कॉल के जरिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। नैनीताल ऊधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत पार्टी का लक्ष्य राज्य के एक एक व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य हर घर और व्यक्ति तक पार्टी के विचारों को पहुंचाना है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत , विधायक मोहन सिंह बिष्ट, प्रदेश दर्ज़ा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बैला तोलिया, दर्ज़ा राज्य मंत्री दिनेश आर्या, सदस्यता अभियान प्रमुख नैनीताल खिमानन्द शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी निवर्तमान मैयर जोगेन्दरपाल रौतेला,को भी जिला महामंत्री रंजन बर्गली व नवीन भट्ट, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, लाखन निकलटिया, नितिन राणा, प्रतिभा जोशी आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाकर सदस्यता कार्ड सौंपा गया।